हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, रविवार 19 मई 2024

15 टॉपर्स विद्यार्थियों को भारत भाग्य विधाता सम्मान मिला



16 बेसन के कोफ्ते खाने से 9 सेवादार बीमार





# S.R. CENTURY PUBLIC SCHOOL

DELHI-ROHTAK ROAD, BAHADURGARH - 124507

## CONGRATULATIONS CENTURIANS ON THE OUTSTANDING PERFORMANCE

SESSION 2023-24

## Class XII TOPPERS



SHUBHAM DAHIYA JEE (MAINS) · SHOBHIT PANT JEE (MAINS) · TANYA PAL JEE (MAINS)

GARV 98.2% · LAKSHYA GOYAL 98% · SUHANI 97.4% · JYOTI 96.8% · TANISHA 96.2% · ANJALI MALIK 96.2% · KARTAVYA JAIN 96% · TASHIN PRAVEEN 96%

NAKUL HOODA 95.6% · NIKITA 94.6% · VARSHA 94.6% · JANSHEE 94.2% · KAVYANSHI 94.2% · RIYA JANGRA 94.2% · SONAL 94.2% · NEEHARIKA 94% · SAKSHAM 94% · KHUSHI 93.6% · HARSHITA 93.2%

ADRIJA DAS 93% · HARSHITA 93% · RACHIT SHARMA 92.6% · ESHITA RANA 92.4% · SURITI 92.4% · NISHA RANA 92.2% · MANSI SHARMA 92% · NIKHIL KHATRI 91.8% · ANUSHKA 91.8% · KANAN 91.4% · BHOOMI SINGLA 91.2%

UTTAM 91.2% · M DHANUSH 90.8% · SAKSHI SAINI 90.8% · UJAS 90.8% · PIYUSH GIRDHAR 90.6% · CHAHAK MEHTA 90.6% · SHEETAL DAS 90.6% · GYANSHU SINGHAL 90.4% · ROHIT JOON 90.4% · TANVEE VASHISHT 90.2% · PALAK 90.2%

## Class X TOPPERS



VANSH SHARMA 97.4% · AARYUSHI 97.4% · DINESH 97.2% · RAUNIT SHARMA 97% · NIKITA SHARMA 96.8% · ISHITA JOON 96.6% · HARSHIT 96.4% · AADITYA SINGH 96.2% · AYUSHI 96% · TANMAY DRALL 95.2% · MOHAK 94.6% · BHAVYA SHARMA 94.4% · SHIVESH 94.2% · SANJANA 94.2%

SHOBHIT UNIYAL 94.2% · PRIYANKA 94% · KHUSHI TULSIAN 93.4% · KHANAK 93.2% · VISHESH SHARMA 93.2% · VEDIKA 93.2% · YASH 93% · SUMIKSHA 93% · BHAVYA 93% · RASHI GOYAL 92.8% · AYUSH 92.8% · VANSHIKA 92.6% · CHAKSHU 92.6% · DIVYANSH 92.6%

YASH 92.6% · BHAVISHYA 92.6% · PIHU CHUGH 92.2% · LAKSHITA 92.2% · SANVEE CHAUHAN 92% · OM KAUSHIK 92% · DIPALI 92% · CHIRAG AHLAWAT 91.8% · MUSKAN 91.8% · ANANYA BANERJEE 91.6% · KHUSHI GARG 91.4% · MANIK JINDAL 91.4% · PURAV SAINI 91.2% · SANJANA 91.2%

SABIHA SULTANA 91% · MEHUL 90.8% · PIYUSH VERMA 90.8% · ARNAV KAUSHIK 90.6% · ARYAN ROHILLA 90.6% · BHUMIKA 90.4% · VASHU GOYAL 90.2% · MUKUL SABHARWAL 90.2% · TANISHA 90.2% · PAWAN KUMAR 90.2% · BHUMI 90% · SATYABRAT SINGH 90% · SHIVANSHU MALIK 90% · SANDHYA 90%

| | |
|---|---|
| HIGHEST AGGREGATE | 98.2% |
| 90% AND ABOVE | 41 |
| NO. OF DISTINCTIONS (SUBJECT WISE) | 869 |

| | |
|---|---|
| HIGHEST AGGREGATE | 97.4% |
| 90% AND ABOVE | 56 |
| NO. OF DISTINCTIONS (SUBJECT WISE) | 1437 |

GARV (POLITICAL SCIENCE,PHY. EDU.)=100/100
SUHANI (POLITICAL SCIENCE,PHY. EDU.)=100/100
LAKSHYA GOYAL (POLITICAL SCIENCE)=100/100
TASHIN PRAVEEN (POLITICAL SCIENCE)=100/100
ROHIT JOON (POLITICAL SCIENCE)=100/100
KAVYANSHI (HISTORY)=100/100

SESSION 2023-24

VANSH SHARMA (MATHS)=100/100
RASHI GOYAL (MATHS)=100/100
AAYUSHI (MATHS)=100/100
ISHITA JOON (MATHS)=100/100
SABIHA SULTANA (MATHS)=100/100
DINESH (MATHS)=100/100
RAUNIT SHARMA (MATHS)=100/100

OM KAUSHIK (COMPUTER)=100/100
KHUSHAL DEWRA (COMP.)=100/100

NIKITA SHARMA (SOCIAL SCIENCE)=100/100

## खबर संक्षेप

### एक्स पैरा मिलिट्री एसो. की बैठक कल

**झज्जर।** एक्स पैरा मिलिट्री एसोसिएशन की बैठक सोमवार को मिनी केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडारण कैंटीन में होगी। एसोसिएशन के प्रधान सुखचंद कादियान ने बताया कि प्रातः नौ बजे शुरू होने वाली इस बैठक में एसोसिएशन की कार्यकारिणी सदस्यों से उनके सुझाव भी आमंत्रित किए जाएंगे।

### पुलिस ने शराब से भरी गाड़ी पकड़ी

**बहादुरगढ़।** एमआईई चौकी पुलिस ने अवैध शराब से भरी एक गाड़ी पकड़ी है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। एआईई पुलिस को सूचना मिली थी कि दिल्ली का निवासी प्रभाकर मिश्रा अवैध शराब का कारोबार करता है। वह छोटूराम नगर की तरफ से दिल्ली की ओर जाएगा। इस सूचना पर टीम ने छोटूराम नगर फाटक के नजदीक एमआईई क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। इस दौरान एक वैगनआर गाड़ी रुकवाई। जांच करने पर शराब की 12 पेटियां और बीयर की पांच पेटियां बरामद हुई।

### इस्कॉन मंदिर में समर कैंप 31 से

**बहादुरगढ़।** हर वर्ष की तरह इस साल भी बहादुरगढ़ के इस्कॉन मंदिर में गोपाल गार्डन स्कूल द्वारा 31 मई से 2 जून तक बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें 5 से 13 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। गोपाल गार्डन स्कूल इस्कॉन मंदिर का एक साप्ताहिक कार्यक्रम है। इसके अंतर्गत बच्चों को आध्यात्मिक, शारीरिक एवं मानसिक रूप से विकास करवाने के लिए विभिन्न प्रकार से उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है। कैंप के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 मई है।

### शिविर में 68 ने किया रक्तदान

**बहादुरगढ़।** शनिवार को अमेरिकन इंस्टीट्यूट की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। मिशन जनजागृति ब्लड सेंटर दिल्ली के सहयोग से लगाए कैंप में 68 लोगों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इंस्टीट्यूट संचालक जितेंद्र कुमार ने बताया कि उनके द्वारा 35वां रक्तदान शिविर लगाया गया। उन्होंने रक्तदान के लाभ भी गिनाए। इस दौरान टेक्निकल सुपरवाइजर राजेंद्र नेगी, नर्सिंग ऑफिसर पूजा, एलटी गरिमा, अभिषेक, काजल, जीडीए रविश, काउंसलर सरिता सैनी, गोविंद राम सैनी, सुनीता सैनी, शुभम बंसल व अंकिता मौजूद रही।

### लव-कुश लीग सीजन-3 का आगाज आज से

**बहादुरगढ़।** फुटबॉल प्रतिभाओं को निखारने के मकसद से गांव लोवा खुर्द में एक बार फिर लव-कुश लीग का आयोजन किया जा रहा है। लीग के सीजन-3 का आगाज आज रविवार की शाम से होगा। करीब ढाई महीने तक यह लीग चलेगी और इसमें लगभग 35 टीमें भाग ले रही हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए कोच सुदर्शन ने बताया कि अंडर-9, 10 और 11 आयुवर्ग में मुकाबले होंगे। दिल्ली, हरियाणा की लगभग तीन दर्जन टीमें प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। गर्मी को देखते हुए हर रविवार को सुबह और शाम के वक्त मुकाबले खेले जाएंगे। बकौल सुदर्शन, लीग का यह तीसरा सीजन है। प्रतिभाओं को निखारने और बेहतर प्लेटफार्म देने के मकसद से आयोजन किया जा रहा है। हमारी पिछली लीग ने रिकार्ड बनाया था। पिछली लीग साढ़े चार महीने चली और 167 मुकाबले खेले गए।

# शर्मनाक : सृष्टिद्रोहियों को रास नहीं आ रही हरियाली

## किसी शरारती तत्व ने सेक्टर-13 में क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट द्वारा विकसित जंगल-1 में फिर लगा दी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर जंगल को खाक होने से बचाया

क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट की ओर से सेक्टर-13 की ग्रीन बेल्ट में विकसित जंगल-1 में शनिवार की दोपहर को आग लग गई। किसी शरारती तत्व द्वारा आग लगाए जाने की आशंका है। वजह जो भी, लेकिन इस घटना से हरियाली को काफी नुकसान हुआ है। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर जंगल को खाक होने से बचाया। इस घटना से पर्यावरण प्रेमी आहत हैं।

दरअसल, क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से इलाके में हरियाली पर जोर दे रहा है। लोगों को बेहतर हराभरा वातावरण देने के लिए ट्रस्ट के सदस्यों ने दिन-रात मेहनत करके शहर में कई मिनी जंगल और हर्बल पार्क विकसित किए हैं।

लगभग हर रविवार या छुट्टी के दिन ये लोग पौधे लगाते हैं और इनमें से कुछ लोग समय निकालकर नियमित पौधों की देखभाल करते हैं। इनके प्रयास के परिणाम हरियाली के रूप में दिखने लगे हैं। लेकिन कुछ लोगों ये प्रयास या फिर यूं कहें, हरियाली रास नहीं आ रही। कभी पेड़-पौधों को काट दिया जाता है, तो कभी आग के हवाले कर दिया जाता है।



बहादुरगढ़। सेक्टर-13 के जंगल-1 में लगाई गई आग।

### आग से काफी पेड़-पौधे नष्ट हो गए

शनिवार की दोपहर को भी कुछ ऐसा ही हुआ। यहां सेक्टर-13 में स्थित जंगल-1 में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग फैल गई, जिस से बेहद नुकसान हुआ और काफी पेड़-पौधे नष्ट हो गए। किसी की नजर पड़ी तो दमकल विभाग को सूचना दी गई, अन्यथा पूरा जंगल इस भीषण गर्मी में आग से राख हो सकता था। मौके पर पहुंचे ट्रस्ट के सदस्यों ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया और इसके पीछे साजिश की शंका जताई। बताते हैं कि पहले भी इस जंगल में कई बार आग लग चुकी है। सदस्यों को शक है कि कोई शरारती तत्व जानबूझ कर ऐसी हरकत कर रहा है। अपने स्तर पर पता लगाकर हम वन विभाग व पुलिस को शिकायत देंगे। ट्रस्ट सदस्यों ने कहा कि पर्यावरण के लिए हरियाली बहुत जरूरी है। लोगों को यह बात समझनी चाहिए।

# स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली




बहादुरगढ़। जागरूकता रैली के लिए स्कूल से निकलते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा शनिवार को शहर में साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली के जरिये लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इससे पहले स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों को स्कूल में मतदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वयंसेवकों ने अपने हाथ में मत के प्रयोग संबंधित स्लोगन लिखे हुए पोस्टर लेकर स्कूल से रेलवे स्टेशन तक रास्ते में मिलने वाले लोगों से अपील करते हुए संदेश दिया कि अपने मत का सही तरह से इस्तेमाल करें। साइकिल रैली का नेतृत्व हार्दिक, हर्ष, गौरव कौशिक ने किया। कार्यक्रम अधिकारी इतिहास प्रवक्ता राकेश वत्स ने स्वयंसेवकों को मोबाइल वोटिंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को यह सुविधा दी गई है। इसके तहत वे अपने घर से अपने मत का प्रयोग कर सकते हैं लेकिन इसके लिए समय रहते पंजीकरण कराना आवश्यक है।

स्कूल के प्रिंसिपल सुरेश चंद्र सैनी ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर स्कूल के रवींद्र, जोगेंद्र, संजय मलिक, अनिल सहरावत, पवन काजला, दिनेश, सुरेश शर्मा आदि प्रवक्ता भी मौजूद रहे।

# पहले दिन सौ लोगों ने किया घर से मतदान

## बुजुर्गों व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को उनके घर से मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू

### पूरे जिले में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ पूरे जिले में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि शनिवार को फॉर्म 12-डी भरकर घर से मतदान की विकल्प चुनने वाले 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं का उनके घर से मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन 100 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया व लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बने। जिले में चारों विधानसभा (बहादुरगढ़, बेरी, बादली व झज्जर) में 20 मोबाइल पोलिंग पार्टियों द्वारा मतदान करवाया गया। पूरे जिले में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई व मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेते हुए मतदान किया।



झज्जर। मतदान करने उपरांत वोटर कार्ड दिखाता हुआ बुजुर्ग।

### बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर से वोटिंग की सुविधा दी जा रही

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

■ परिजनों ने भी इस सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग का आभार जताया

लोकसभा चुनाव के लिए हरियाणा की सभी 10 सीटों पर 25 मई को मतदान होगा। हालांकि शनिवार को निर्वाचन आयोग ने 85 वर्ष से अधिक वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाई। मतदान करने के पश्चात वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी। उनके परिजनों ने भी इस सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग का आभार जताया।

दरअसल, इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान फॉर्म 12 डी भरने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर से वोटिंग की सुविधा दी जा रही है। शनिवार को निर्वाचन आयोग की विभिन्न टीमों ने उन लोगों के घरों में दस्तक दी। प्रेजाइडिंग अफसर विजयपाल, पॉलिंग अफसर, सेक्टर मजिस्ट्रेट पुष्पेंद्र और बीएलओ सहित निर्वाचन आयोग की टीम नंबर-1 ने ऐसे 8 मतदाताओं की वोट डलवाई। इस प्रक्रिया के दौरान 85 प्लस वृद्धों और दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से सीक्रेट वोटिंग की सुविधा दी गई। उनके बैलेट को लिफाफे में सील करके एक सीलबंद बक्से में डाला गया। पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग हुई। जटवाड़ा मौहल्ला निवासी करीब 90 वर्षीय शांति राठी ने निर्वाचन अधिकारियों का धन्यवाद किया। उनके पुत्र रणबीर राठी ने कहा कि प्रशासन के सहयोग से लोस के इस महापर्व में उनकी मां ने भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है। इसके लिए पूरा परिवार निर्वाचन आयोग के आभारी हैं।



बहादुरगढ़। अपने घर पर ही मतदान करती शांति राठी।

# पुलिसकर्मी की हत्या मामले में पकड़ा गया आरोपी चार दिन के रिमांड पर

## सुलौधा में पीट-पीटकर एक व्यक्ति की कर दी थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ नुकीले हथियार लेकर घर में घुस कर किया गया था हमला

क्षेत्र के गांव सुलौधा में पीट-पीटकर एक व्यक्ति की हत्या करने मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सदर थाना प्रभारी कृष्णकांत ने बताया कि विनोद निवासी सुलौधा की शिकायत पर बीती नौ मई को मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सन्नी निवासी सुलौधा के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

आखिर क्या है मामलाः पुलिस को दी शिकायत में विनोद कुमार पुत्र राजपाल सिंह ने बताया था कि वह पेशे से दुकानदार है। बीती 9 मई की शाम करीब पौने पांच बजे सन्नी नामक एक युवक उसकी दुकान पर आया उसने मोबाइल से उसी के गांव के अजय उर्फ छोटू से बात कराते हुए उसे उधार कोल्ड ड्रिंक देने का दबाव बनाया था।

जब उसने उधार देने से मना किया तो उसने धमकी दी थी कि इसका अंजाम बुरा होगा। जिसके बाद उसके पिता ने छोटू आदि से फोन पर समझाते हुए सुलह करा दी थी। विनोद के अनुसार इस बात की रंजिश रखते हुए वे युवक रात करीब साढे.दस बजे ट्रांसफार्मर से बिजली की लाइन काटकर लाठी डंडे व अन्य नुकीले हथियार लेकर उनके घर में घुस गए और उसके परिवार पर हमला बोल दिया था।

इस दौरान जहां उसकी बहन कुसुम, मां राजेश व पिता राजपाल को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। वहीं उसके पिता को आरोपियों ने बहार गली में घसीट कर इतना पीटा की उन्होंने रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था।



झज्जर। पकड़ा गया आरोपी पुलिस टीम के साथ।



### टीबी की रोकथाम के लिए किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** शहर के लाइनपार स्थित जीवी स्कूल में शनिवार को नेताजी नगर की अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की तरफ से टीबी रोग की रोकथाम और जागरूकता के लिए निःशुल्क बीसीजी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ पीएचसी के डॉ. निशांत ने किया। शिविर में एएनएम मंजू ने टीकाकरण किया। एसएमओ डॉ. मधूप सेठी ने बताया कि 18 से 60 वर्ष तक के जिन व्यस्कों का बीएमआई 18 किलोग्राम प्रति स्क्वेयर मीटर या उससे कम है, डायबिटीज के मरीज, धूम्रपान करने वाले, पिछले पांच वर्षों के टीबी मरीजों व उनके संपर्क में आने वाले लोगों व परिवार के व्यस्क सदस्यों का टीकाकरण किया जा रहा है। अर्बन हैल्थ कंसलटेंट डॉ. गगन जैन और डॉ निशांत ने आमजन से बीसीजी टीकाकरण कराने और टीबी की बीमारी से अपने को परिवार सहित सुरक्षित रखने की अपील की। इस अवसर पर शिक्षाविद सतीश शर्मा, प्राचार्य कुसुमलता, दीप्ति, उपेंद्र, राकेश, आशा वर्कर मंजीत, मीना व नीतू आदि उपस्थित रहे।

# राव अनुज हत्या मामले में महिला सहित तीन गिरफ्तार



झज्जर। पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ मृतक अनुज के पिता सतपाल की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।

शहर के दिल्ली गेट क्षेत्र में रामलीला मैदान के सामने स्थित एक कार्यालय में युवक की गोली मारकर हत्या करने मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम द्वारा महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

शहर थाना प्रभारी सदानंद ने बताया कि मृतक अनुज के पिता सतपाल की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को झज्जर क्षेत्र से व एक अन्य महिला आरोपी को खरखौदा क्षेत्र से पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान धर्मेंद्र व रविंद्र निवासी कासनी के तौर पर की गई है। आरोपियों ने प्राथमिक पूछताछ में मामले का खुलासा किया है। महिला आरोपी से वारदात में प्रयोग की गई स्कूटी व मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से अदालत के आदेशानुसार महिला आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया जबकि दोनों आरोपियों धर्मेंद्र व रविंद्र को पूछताछ के लिए पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### गाड़ी की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

■ पढ़ाई के साथ-साथ धारूहेड़ा स्थित एक कंपनी में काम करता था

**बहादुरगढ़।** गांव मुंडाखेड़ा में केएमपी पुल के नीचे दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक गाड़ी की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पंकज के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, करीब 22 वर्षीय पंकज मूल रूप से दिल्ली के जटखोड़ गांव का रहने वाला था। सेकेंड इयर का छात्र था। पढ़ाई के साथ-साथ धारूहेड़ा स्थित एक कंपनी में काम करता था। शुक्रवार को वह अपने मौसेरे भाई राहुल निवासी सांपला के साथ बाइक पर सवार होकर मानेसर के लिए रवाना हुआ था। जब मुंडाखेड़ा के पास पहुंचे तो पंकज हादसे का शिकार हो गया। शिकायतकर्ता राहुल का कहना है कि मुंडाखेड़ा पहुंचने पर केएमपी पुल के नीचे लघुशंका के लिए बाइक रुकवाई थी। मैं थोड़ी दूर चला गया था और पंकज बाइक पर ही था। इसी दौरान एक गाड़ी ने उसको जोरदार टक्कर मार दी। राहगीरों की मदद से उसको संभाला और अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर बाढ़सा चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। राहुल के बयान पर केस दर्ज करने के बाद शनिवार को शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया। जांच अधिकारी अनिल कुमार का कहना है कि आरोपी वाहन चालक का पता लगाया जा रहा है।

कार्यशाला | जीडी गोयनका स्कूल में तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन

# विद्यार्थियों ने जीडी गोयनका में सीखे तनाव कम करने के तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी में स्थित जीडी गोयनका स्कूल में तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों को तनाव कम करने के लिए परिष्कृत तकनीक से अवगत करवाया गया। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में तनावरहित जीवन और शिक्षण बेहद महत्वपूर्ण है।

न्यूरो साइकैट्रिस्ट डॉ. भागवत राजपूत, डॉ. विशाखा राजपूत और क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. सिमरन दलाल द्वारा कार्यशाला में छात्रों को तनाव प्रबंधन के तरीकों को समझाया। कार्यशाला में गहन अंतरदृष्टि और आकर्षक गतिविधियों की पेशकश की गई। विशेषज्ञों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया तथा उन्हें तनाव रहित रहने के गुर सिखाए।




बहादुरगढ़। जीडी गोयनका में तनाव प्रबंधन कार्यशाला का शुभारंभ करते शैलजा जून और विशेषज्ञ।

### उत्तम अंक लाने की होड़ में छात्र जीवन तनाव ग्रस्त हो रहा

कार्यशाला का प्रारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने बताया कि आज के भागदौड़ भरे जीवन और उत्तम अंक लाने की होड़ में छात्र जीवन तनाव ग्रस्त होता जा रहा है। उनकी इस स्थिति में सुधार एवं उचित मार्गदर्शन के लिए ही इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय का ध्येय अनुग्रह और लचीलेपन के साथ तनाव को संतुलित और शांत मानसिकता द्वारा कम करने में छात्रों को सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ मन और स्वस्थ शरीर की अवधारणा पर कार्य करते हुए जीडी गोयनका स्कूल में छात्रों का शिक्षण करवाया जाता है।

# मतदान प्रक्रिया से चुना स्कूल का हेड ब्वॉय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लडरावन स्थित श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों को लोकतंत्र में वोट का महत्व समझाया गया। विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गई। वोट के जरिए विद्यार्थियों ने स्कूल के हेड ब्वॉय का चुनाव किया। इस लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित चुनाव प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

स्कूल संचालक अभिषेक छिल्लर ने मुख्य चुनाव आयुक्त एवं पीठासीन पदाधिकारी का जिम्मा संभाला। प्रधानाचार्य किशोर कुमार शर्मा पर्यवेक्षक की भूमिका में थे। अध्यापिका नेहा, अध्यापक विवेक, रोहित और कमल पोलिंग एजेंट बने। कुल आठ विद्यार्थियों ने नामांकन दाखिल किया। सभी नामांकन वैध पाए गए। आम चुनाव की तर्ज पर चुनाव प्रचार के लिए 1 घंटे का समय निर्धारित किया गया और कक्षा नौवीं से 12वीं के बीच वोटिंग हुई। जिसमें कक्षा 12वीं के रजत हैड ब्वॉय निर्वाचित हुए। स्कूल संचालक अभिषेक छिल्लर ने बताया कि इस प्रक्रिया में भाग लेकर विद्यार्थियों ने लोकतंत्र और वोट के महत्व को नजदीक से समझा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने अभिभावक और अपने आसपास के सभी व्यक्तियों को जागरुक करने की अपील की।



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया समझाती शिक्षिका। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में फसल उठान कार्य में जुटे श्रमिक।

### एक लाख 96 हजार 299 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**झज्जर।** जिलाभर की मंडियों और खरीद केंद्रों पर निरंतर गेहूं की आवक जारी है। मंडियों में अब तक एक लाख 96 हजार 299 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। वहीं खरीद एजेंसियों द्वारा 93 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है। किसान अपनी गेहूं उपज 22 मई तक मंडियों और खरीद केंद्रों पर बिक्री के लिए ला सकते हैं। डीसी ने बताया कि झज्जर अनाज मंडी में 44 हजार 694, बादली अनाज मंडी में 10588, ढाकला अनाज मंडी में 10004, बेरी अनाज मंडी 47 हजार 957, मातनहेल अनाज मंडी से 20726, माजरा डी खरीद केंद्र पर 34328, छारा खरीद केंद्र पर 18 हजार 36, बहादुरगढ़ अनाज मंडी पर 987 तथा आसौदा खरीद केंद्र पर 8980 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

### रैली व रोड शो के लिए अनुमति लेना जरूरी

**झज्जर।** जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में प्रत्येक राजनीतिक पार्टी व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों की पालना करनी होगी। उन्होंने बताया कि किसी भी राजनीतिक दल व उम्मीदवार की कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो उसकी अनुमति संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारी से लेनी जरूरी है। रोड शो या काफिला निकालने के दौरान रोड जाम नहीं होना चाहिए। जहां पर अस्पताल व ट्रामा सेंटर होगा, वहां से कोई भी राजनीतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। इसके अतिरिक्त रात दस बजे से सुबह छह बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जा सकता।

### वाहनों की जांच, अवैध देशी शराब बरामद

**झज्जर।** जिला पुलिस द्वारा शुक्रवार देर रात से शनिवार अलसुबह तक विशेष सीलिंग प्लान के तहत जिलेभर में नाकाबंदी करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच की गई। डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी एमआईई के क्षेत्र से एक वैगनार गाड़ी में शराब की अवैध पेटियां ले जाते हुए एक आरोपी पकड़ा गया। जिसमें से अवैध देशी शराब की 12 पेटियां व बीयर की आठ पेटियों के साथ एक आरोपी प्रभाकर निवासी मुंडका दिल्ली को पकड़ा गया।

### ढाबे में घुसकर तोड़फोड़, मारपीट

**बहादुरगढ़।** रोहतक-दिल्ली रोड स्थित एक ढाबे में घुसकर तोड़फोड़, मारपीट करने और रुपये निकालने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर इस संबंध में दो महिलाओं पर नामजद सहित कई अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिटी पुलिस को दी शिकायत में मंजू ने कहा है कि उसने शहर में रोहतक-दिल्ली रोड पर एक ढाबा खोल रखा है।

## टॉपर्स को सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस व ट्रॉफी दी

# टॉपर्स विद्यार्थियों को भारत भाग्य विधाता सम्मान मिला



बहादुरगढ़। अतिथियों, शिक्षकों और समिति सदस्यों के साथ सम्मानित विद्यार्थी।





झज्जर। स्कॉलर सम्मान समारोह में स्टेज पर मौजूद होनहार विद्यार्थी एवं अभिभावक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव सांखोल के सरकारी स्कूल में पहली से बारहवीं कक्षा में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। गांव की संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति द्वारा पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर आने वाले टॉपर्स को भारत भाग्य विधाता सम्मान दिया गया।

कक्षा नौवीं की टॉप-3 आरती, नीलम, कशिश, दसवीं के अपूर्व 97.4 प्रतिशत, हिमांशी 95 और निखिल ने 94.4 प्रतिशत अंक सम्मानित हुए। इसी तरह 11वीं की ज्योति, पूनम, देविका तथा 12वीं के भूपेंद्र 93.2, ट्विंकल 87.2 और काजल 86.4 को सम्मानित किया गया। इनके अलावा अन्य कक्षाओं के टॉपर्स को सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस और ट्रॉफी दी गई। इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता पवन जैन, सतीश शर्मा और अजय ने भी शिरकत की। प्रिंसिपल संजय राठी, मुख्य अध्यापिका किरण और तमाम स्टाफ सदस्य भी सम्मानित किए गए। पवन जैन ने बच्चों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया तो अजय सर ने बच्चों के लिए काउंसलिंग सेशन आयोजित करने में मार्गदर्शन देने की जरूरत बताई। प्रधान संजय कल्सन ने कहा कि ये बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। हर साल समिति द्वारा टॉपर्स को सम्मानित किया जाता है। अगर किसी विद्यार्थी को किताबों की जरूरत है तो वे गांव में मौजूद निःशुल्क बुक बैंक से मदद प्राप्त कर सकते हैं। सत्येंद्र राठी, अमित राठी, नरेंद्र, जय, मनीष, ललित, सोमेश, सुधीर राठी आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

### होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**झज्जर।** संस्कारम स्कूल खातीवास में शनिवार को स्कॉलर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान होनहार विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का स्वागत ताम्रपत्र और फूल मालाओं से किया गया। कार्यक्रम की संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल द्वारा मां सरस्वती व संस्कारम के प्रेरणा स्रोत मास्टर दयानंद की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजली के साथ समारोह की शुरुआत की गई। उन्होंने दसवीं कक्षा में बेहतरीन अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उनके संस्थान के विद्यार्थियों ने दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार अंक हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। दसवीं क्लास में छात्र कनिका और छात्र चिराग ने 98.2 प्रतिशत लेकर रिकार्ड बनाया है। 25 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से ऊपर अंक लेकर कीर्तिमान स्थापित किया। इसके अलावा 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले 53 विद्यार्थी और 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 128 विद्यार्थी हैं। सात विद्यार्थियों ने गणित, साइंस व हिंदी जैसे विषय शत-प्रतिशत अंक हासिल किए।

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर अभिभावकों के साथ की चर्चा

**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में पीरियॉडिक टेस्ट फर्स्ट एक्जाम परिणाम को लेकर कक्षा प्री -नर्सरी से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए पीटीएम का आयोजन किया गया। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि न्यू सेशन की शुरूआत को लेकर सभी विद्यार्थियों की यह परीक्षा ली गई जिसका परिणाम उनके अभिभावकों के समक्ष रखा गया। इस दौरान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर अभिभावकों द्वारा दिए गए सुझावों को शिक्षकों द्वारा नोट किया गया। इसके अलावा कक्षा प्री -नर्सरी व नर्सरी के बच्चों के साथ उनके पेरेंट्स को लेकर मदर -डे सेलिब्रेट किया गया। इस सेलिब्रेशन में पेरेंट्स के लिए म्यूजिकल चेयर, पेपर डांस को लेकर फन एक्टिविटी करवाई गईं।





# एचआईवी वैक्सीन रिसर्च को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

■ बीमारी की दवा भी जागरूकता के साथ अच्छे परिणाम लाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में शनिवार को एचआईवी वैक्सीन जागरूकता दिवस मनाया गया। यूथ रैडक्रॉस व रैड रिबन क्लब से जुड़ी स्वयंसेविकाओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। स्वयंसेविकाओं के साथ एचआईवी एड्स बीमारी के कारण, लक्ष्य व बचाव के तरीकों की विस्तारपूर्वक चर्चा व संवाद किया गया।

कॉलेज प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि किसी भी समस्या या बीमारी का निदान केवल उसके प्रति जागरूकता ही है। जागरुक व्यक्ति स्वयं व अपने परिवार को बीमारी से बचाने का हर संभव प्रयास करेगा। बीमारी की दवा भी जागरूकता के साथ अच्छे परिणाम लाती है। विज्ञान ने आज इतनी प्रगति कर ली है कि अनेक बीमारियों की वैक्सीन उपलब्ध है। हालांकि एचआईवी एड्स की वैक्सीन बनाने में अब तक सफलता नहीं मिली है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नेहा नैन ने बताया कि साक्षरता अभियान के जरिए छात्राओं ने एड्स के खोजकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया। उनके अनुसार समाज में फैली हर बुराई व बीमारी के प्रति जागरूक रहना भी आवश्यक है। छात्राओं और प्राध्यापिकाओं ने हस्ताक्षर कर न केवल अभियान को सफल बनाया, बल्कि एड्स के प्रति सजग रहने के लिए जागरूकता फैलाने की प्रेरणा भी ली। इस दौरान सुजाता वर्मा, डॉ. मंजीत, डॉ. शालू शर्मा व कविता आदि मौजूद रहीं।



बहादुरगढ़। एचआईवी वैक्सीन की रिसर्च के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाती स्वयंसेविकाएं व स्टॉफ। फोटो :हरिभूमि

### पार्षद ने किया मानसी को सम्मानित

**बहादुरगढ़।** भारतीय शैली कुश्ती संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र राठी ने गांव सराय औरंगाबाद निवासी मंजीत राठी की पुत्री मानसी को 12वीं कक्षा में 99 प्रतिशत अंक हासिल करने पर सम्मानित किया। साथ ही उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। मानसी के दादा बलजीत राठी सहित रामनिवास सैनी व सज्जन सैनी आदि ने उसे भविष्य में भी कामयाब होने का आशीर्वाद दिया। पार्षद जितेंद्र राठी ने कहा कि आज के दौर में बेटियां हर क्षेत्र में अपनी पहचान कायम कर रही हैं। पढ़ाई से लेकर खेल समेत हर क्षेत्र में बेटियां कामयाबी हासिल कर रही हैं। मानसी ने भी 12वीं में 99 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। मानसी ने आईएएस बनने की इच्छा जताई। जितेंद्र राठी ने कहा कि मानसी के अभिभावकों की भांति हर परिजन को अपने बच्चों को पूर्ण सहयोग देना चाहिए। मानसी की इस उपलब्धि से अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी। वे भी मानसी की तरह मेहनत कर अच्छे अंक प्राप्त करेंगी और अपने क्षेत्र में अच्छा मुकाम हासिल कर सकेंगी।



बहादुरगढ़। मानसी को सम्मानित करते पार्षद जितेंद्र राठी व अन्य।

### दंपति को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**साल्हावास।** क्षेत्र के गांव बिरोहड़ में एक दंपत्ति को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी मातनहेल प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि रघुवीर निवासी लोहरवाड़ा जिला चरखी दादरी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुरेश निवासी गोच्छी के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए माननीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पत्नी व साली के साथ मारपीट करने का आरोप

**झज्जर।** भदानी गांव में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी और साली के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में मनीषा पत्नी संदीप ने बताया कि सत्रह मई की सुबह वह तथा उसकी बहन मोनिका घर का काम कर रही थीं। इसी दौरान उन्होंने जब अपने पति से बीती शाम गाली-गलौच करने के संबंध में उलाहना दिया तो संदीप ने लाठी डंडों से दोनों की पिटाई कर दी। इस मारपीट के दौरान उन्हें गंभीर चोट आई जिस कारण चिकित्सकों ने उन्हें रोहतक पीजीआई रैफर किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विद्यार्थियों को दी गुड टच व बैड टच की जानकारी



झज्जर। गुड टच व बैड टच के बारे बताते हुए पूनम देशवाल। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा इंडेप्थ विजन फाउंडेशन संस्था द्वारा स्वच्छ भारत-स्वस्थ समुदाय अभियान के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ी खुम्मार के विद्यार्थियों को गुड और बैड टच संबंधी जानकारी देकर जागरुक किया गया। विद्यालय की इंचार्ज राजबाला की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में साठ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्था सदस्य पूनम देशवाल ने अपने संबोधन में बताया कि बच्चे जैसे-जैसे बड़े होते हैं, उन्हे अपने शरीर के अंगों को लेकर जिज्ञासा होने लगती है। ऐसे में बच्चों को बताना जरूरी है कि शरीर के कई अंग ऐसे है जिन्हे छूने का अधिकार सिर्फ उन्हे है, किसी और को नहीं। जब कोई व्यक्ति इस तरह से छूता है कि आप इससे असहज महसूस करते है या फिर उस व्यक्ति का छूना आपको बुरा लगता है। यह बैड टच कहलाता है। संस्था सेवा ट्रस्ट से नरेंद्र कुमार कहा कि अगर किसी विद्यार्थी के साथ कोई बुरा व्यवहार करता है तो वह इसके संबंध में अपने अभिभावकों या शिक्षकों को जरुर बताएं। चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर शिकायत दर्ज कराने संबंधी जानकारी भी विद्यार्थियों व शिक्षकों को दी गई। इस मौके पर मास्टर सुखबीर, प्रवीण, विकास कौशिक सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया मॉनिटरिंग सेल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मीडिया मॉनिटरिंग के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के जिला कार्यालय में स्थापित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग नियंत्रण कक्षा का जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मीडिया माध्यमों पर एमसीएमसी कमेटी द्वारा पेड न्यूज व आपत्तिजनक सामग्री की नियमित निगरानी की जा रही है।



झज्जर। मीडिया मॉनिटरिंग कक्ष का निरीक्षण करते हुए डीसी कैप्टन शक्ति सिंह। फोटो :हरिभूमि

निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से चुनाव संपन्न करवाने के लिए एक्सपर्ट को टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन जिला मुख्यालय स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा जहां से समूचे जिले की मतदान गतिविधियों को मॉनिटर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पोलिंग बूथ पर सीसीटीवी स्थापित किए गए हैं जिनकी निगरानी में पोलिंग प्रक्रिया संपन्न होगी।



झज्जर। क्रिटिकल मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह। फोटो :हरिभूमि

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने क्रिटिकल मतदान केंद्रों का किया दौरा

**झज्जर।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने जिले के क्रिटिकल मतदान केंद्रों का दौरा किया। डीसीपी अर्पित जैन भी इस दौरान उनके साथ रहे व क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने नेहरू कॉलेज में बनाए गए मतगणना स्थल तथा पोलिंग पार्टी रवानगी व वापसी स्थल का निरीक्षण किया व व्यवस्था को दुरुस्त रखने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

### मकान के बाहर से बाइक चोरी

**बहादुरगढ़।** इलाके में दो पहिया वाहनों की चोरी लगातार बढ़ रही है। अब एक और वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दी है। धर्मपुरा के निवासी विकास का कहना है कि उसने 16 मई की रात को अपनी बाइक मकान के बाहर खड़ी की थी। रात करीब पौने 12 बजे कोई अज्ञात शख्स बाइक को चुरा ले गया। अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस शिकायत पर सिटी पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

# वॉल पेंटिंग से दिया जा रहा मतदान का संदेश

■ आंगनवाड़ियों में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मतदान के प्रति जागरूकता को लेकर बीएलओ के माध्यम से जहां वोट डालने के लिए बाकायदा निमंत्रण दिया जा रहा है,वहीं स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर वाल पेंटिंग बनाते हुए आमजन को 25 मई के दिन बढ़चढ़ कर मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप की जिला नोडल अधिकारी सलोनी शर्मा ने बताया कि जिले के स्कूलों में मतदान करने का संदेश देते हुए वॉल पेंटिंग करवाई जा रही है। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थापित सेल्फी प्वाइंट से सेल्फी लेते हुए मेरा पहला वोट देश के लिए का संदेश दिया। विद्यालय की दीवारों पर मतदान का संदेश देती सुंदर वॉल पेंटिंग कलाकारों द्वारा की गई हैं। वहीं आंगनवाड़ियों में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।





झज्जर। मतदान के प्रति जागरूकता की शपथ लेते हुए महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

**गुणगान**

### मंदिर के पुजारी विनय तिवारी ने श्रद्धालुओं को मोहिनी एकादशी के बारे में जानकारी दी

# हारा हूं बाबा पर तुझपे भरोसा है.. भजन पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

■ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

श्री श्याम सेवा प्रचार मंडल द्वारा श्री प्राचीन खाटू श्याम मंदिर में मासिक संकीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी विनय तिवारी ने श्रद्धालुओं को मोहिनी एकादशी के बारे जानकारी देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति इस दिन पूरे विधि विधान से व्रत रखता है, उसके दुख दूर होते है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

समिति प्रधान मनोज सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में रोहित कटारिया, सुरेंद्र बुद्धिराजा, धीरज शर्मा, मीनाक्षी वर्मा, अमित जांगड़ा, हेमंत नंदा आदि भजन गायकों ने अपनी मधुरवाणी से बाबा खाटू श्याम की महिमा का गुणगान किया। मासिक संकीर्तन महोत्सव का शुभारंभ हनुमान चालीसा के साथ हुआ। रोहित कटारिया ने गणेश वंदना के साथ संकीर्तन में गायन आरंभ किया।



झज्जर। संकीर्तन के दौरान भजनों की प्रस्तुति देते हुए गायक कलाकार।

भजन गायक सुरेंद्र बुद्धिराजा ने दिल में तू खाटू श्याम की ज्योति जला के देख, आएंगे खाटू श्याम मेरे दिल से बुला के देख.., डमरु वाले बाबा तुमको आना होगा, डम डम डमरू बजाना होगा, मां गौरा संग गणपति जी को लाना होगा, भक्तों का कष्ट मिटाना होगा.., हारा हूं बाबा पर तुझपे भरोसा है, जीतूंगा एक दिन मेरा दिल ये कहता है..,अमित जांगड़ा ने गुरुदेव सबसे पहले तुमको नमन हमारा, है भावना यही बस विश्वास है हमारा.., मेरी अखियां तरसे तेरे दीदार के लिये, मैं बरसो तड़पा सावरियां तेरे प्यार के लिये..। मीनाक्षी वर्मा ने हम हाथ उठाकर कहते है, हम हो गए खाटू वाले के.., हेमंत नंदा ने इतना क्या कम है उपकार तेरा, इतनी की रोटी खाता परिवार मेरा, कैसे मैं भूलूंगा अहसान तेरा, संतोष ही जीवन का आधार मेरा.. भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। इस मौके पर मनोज सोनी, राम अवतार गेरा, सन्नी खुराना, अशोक वर्मा, राधिका वर्मा, नंद किशोर सिंघला, कृष्ण सक्सेना, रवि गेरा, कृष्ण रोहिला, अजय बंसल सहित अन्य भी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। नियमित व समुचित जलापूर्ति की मांग करते सेक्टर-9 निवासी।

### सेक्टर-9 निवासियों ने मांगी पर्याप्त जलापूर्ति

**बहादुरगढ़।** शहर के सेक्टर-9 निवासियों ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को पत्र लिखकर समुचित एवं नियमित जलापूर्ति करने की मांग की है। वेद, सुनीता, ओमप्रकाश, रामरति, रजनीश, अनिता, आजाद सिंह, वंदना, सुदेश, पूजा, उर्मिला, राजेश, सुनील, राजकुमारी, मंजीत, कांता, कविता, सुनील, सुरेंद्र, बबिता, मेसर, गुड्डी, मीनू, आरती व नीतू आदि के अनुसार पिछले 4 वर्षों से गर्मी के मौसम में अनियमित जलापूर्ति से जूझ रहे हैं। सेक्टर के कई हिस्सों में पाइपलाइन में सुचारू आपूर्ति नहीं हो रही है। हम 46 डिग्री तापमान में पिछले एक माह से केवल 15 मिनट की दैनिक आपूर्ति से काम चला रहे हैं। बार-बार विभागीय अधिकारियों से विनम्र निवेदन के बावजूद हालात नहीं सुधर रहे हैं। उन्होंने शीघ्र हालात नहीं सुधरने पर भूख हड़ताल करने तथा प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

## आंसरशीट की कॉपी के लिए भी कर सकते हैं आवेदन

# सीबीएसई बोर्ड में रि-चेकिंग के आवेदन शुरू

- बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 17 से 21 तथा दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 20 से 24 मई तक का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं व बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थी अपनी आंसर शीट की फोटो कॉपी के लिए भी बोर्ड में आवेदन करके ले सकते हैं। जिन विद्यार्थियों को इन परीक्षाओं में अधिक अंक आने की उम्मीद थी और उनके अंक आशा के अनुरूप नहीं आए ऐसे विद्यार्थियों ने दोबारा मूल्यांकन समेत अपनी आंसरशीट की फोटोस्टेट कॉपी के लिए आवेदन करना शुरू कर दिया है। इंटरनेट कैफे संचालक रविंद्र ने बताया कि अंकों को लेकर शंका रखने वाले विद्यार्थी आवेदन करके अपनी कॉपियों को देख पा रहे हैं। आंसरशीट की फोटो कॉपी लेने के लिए भी आवेदन किया जा रहा है।



झज्जर। रि-चेकिंग के आवेदन करने पहुंचे अभिभावक व बोर्ड की ऑनलाइन फीस की जानकारी देते हुए सीएससी संचालक। फोटो : हरिभूमि

सीएससी संचालक सौरभ गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थियों के डाउट दूर करने के लिए शुरू की गई मार्क्स वेरीफिकेशन की यह ऑनलाइन प्रक्रिया बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 17 से 21 मई के बीच है जबकि दसवीं कक्षा के विद्यार्थी 20 से 24 मई तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों मार्क्स वेरीफिकेशन के लिए पांच सौ रुपये प्रति विषय, आंसर शीट की कॉपी के लिए सात सौ रुपये प्रति आंसरशीट तथा उसके बाद पुर्नमूल्यांकन के लिए एक सौ रुपये ऑनलाइन फीस देनी होगी।

मार्क्स वेरीफिकेशन के बाद आंसर शीट की फोटो प्रति मंगवाने के लिए एक जून से दो जून की रात बारह बजे से पहले तक आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा पुर्नमूल्यांकन के लिए छह जून से सात जून की रात बारह बजे से पहले आवदेन किया जा सकता है।

इसी प्रकार दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को मार्क्स वेरीफिकेशन व आंसरशीट की कॉपी लेने के संबंध में पांच-पांच सौ रुपये फीस तथा पुर्नमूल्यांकन के लिए एक सौ रुपये फीस कटवानी होगी।

## जो सरकार बहन-बेटियों की इज्जत नहीं कर सकती उसे सत्ता में रहने का कोई हक नहीं : श्वेता हुड्डा



**झज्जर।** सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा की पत्नी श्वेता हुड्डा ने शनिवार को झज्जर में कई चुनावी कार्यक्रमों में शिरकत की। जगह-जगह गांव में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बिठला गांव में श्वेता हुड्डा को लड्डुओं से तौला गया। इस दौरान भुरावास, ढाणी में लोगों को संबोधित करते हुए श्वेता हुड्डा ने कहा कि महंगाई का बुरा हाल है। महिलाओं के लिए घर संभालना तक मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि 25 मई को जागरूक मतदाता के रूप में अपना ऐसा प्रतिनिधि चुनें जो जनता के बीच रहें, जो विकास के काम करें और जो देश-प्रदेश को आगे बढ़ाएं। विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि पूरे हरियाणा में बदलाव की हवा चल रही है और जन-जन की जुबान पर एक ही नारा है कि बीजेपी जा रही है, कांग्रेस सरकार आ रही है। श्वेता हुड्डा ने कहा जो सरकार बहन-बेटियों की इज्जत नहीं कर सकती उसे सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। बेरोजगारी और भ्रष्टाचार की बात करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। हर बार पेपर लीक और भर्ती कैंसिल हो रही है। सरकार ने हरियाणा के युवाओं की बजाय हरियाणा की नौकरियों में गैर-हरियाणवियों को वरीयता दे रही है। पहले हरियाणा के बच्चों को नौकरियों में अहमियत देने के प्रावधान थे, लेकिन ये सरकार हरियाणावासियों के बच्चों को बेरोजगार बना रही है, उनसे शिक्षा के साधन छीने जा रहे हैं। हजारों स्कूल बंद कर दिये, सरकारी कॉलेज, आईटीआई, आईआईटी, मेडिकल शिक्षा महंगी कर दी ताकि हमारा युवा अच्छी शिक्षा हासिल न कर पाए।

- श्वेता हुड्डा ने झज्जर में किया चुनाव प्रचार, कांग्रेस के पक्ष में वोट अपील की

## नकाबपोश युवकों ने बाप-बेटे को पीटा

**झज्जर।** लुहारी क्षेत्र की एक निजी कंपनी में खाने के टिफिन सप्लाई का कार्य करने वाले व्यक्ति ने कंपनी के कर्मचारी पर नकाबपोश युवकों से पिटाई कराने व टिफिन सप्लाई का काम बंद करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में खेड़ी सुलतान गांव गजेंद्र ने बताया कि वह लुहारी क्षेत्र की एक कंपनी में टिफिन सप्लाई का काम करता है।

बीती 15 मई को जब वह अपने पुत्र रोहित के साथ खाना सप्लाई कर वापिस लौट रहे थे तो तीन नकाबपोश बाइकसवारों ने उन्हें रोकते हुए न केवल उनकी पिटाई बल्कि उन्हें कंपनी में टिफिन सप्लाई बंद न किए जाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। गजेंद्र के अनुसार पिटाई के बाद आई चोटों के कारण जहां वे 16 मई को स्थानीय नागरिक अस्पताल में दाखिल रहे वहीं अगले दिन सीएचसी ढाकला से भी इलाज कराया। इस मारपीट के लिए उन्होंने कंपनी में कार्यरत बिंटू नामक एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे तीनों युवक उसके द्वारा भेजे गए थे। पुलिस ने गजेंद्र की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बहादुरगढ़ में फूड पॉयजनिंग, अस्पताल में भर्ती कराया

## बेसन के कोफ्ते खाने से 9 सेवादार बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के एक आश्रम में संदिग्ध परिस्थितियों में 9 सेवादारों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात को सभी ने बेसन के कोफ्ते खाए थे। उन्हीं से तबीयत खराब/फूड पॉयजनिंग की बात सामने आ रही है। मामला लाइनपार थाना क्षेत्र के अधीन लगते वेदांत आश्रम का है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को रात्रि भोजन में कद्दू कोफ्ते बनाए गए थे। आश्रम में मौजूद रसोइए, सेवादारों आदि ने कोफ्ते खाए और फिर सो गए। बताते हैं कि रात को एक लड़के ने चक्कर आने की बात कही थी, लेकिन सभी को लगा कि गर्मी की वजह से ऐसा हो रहा है। इसलिए उसकी बात नजरंदाज कर दी गई। रात को सभी सो गए और फिर उनकी तबीयत बिगड़ गई। श्रेयांस, नामदेव शास्त्री, विनोद, संजय, विकास, मोहित, धनजी, लीलाराम, सुमित आदि उल्टी और पेट दर्द से रातभर सेवादार कराहते रहे।

- अस्पताल में आधा दर्जन से अधिक लोग भर्ती हुए उन्हें उल्टी, पेट दर्द की भी शिकायत

सुबह उन्हें अस्पताल में ले जाया गया। बताते हैं कि जिन कमरों में ये ठहरे थे, उसकी कुंडी भी सुबह बाहर से बंद ली। ऐसे में इनके खाने में किसी ने कुछ मिलाया या फिर गर्मी के कारण ऐसी घटना हुई, ये फिलहाल जांच का विषय है। आचार्य श्रीभगवान ने बताया कि रात को सभी ने बेसन के कोफ्ते खाए थे। सभी की तबीयत बिगड़ गई। रात को लगा कि गर्मी के कारण गर्मी के कारण तकलीफ हुई होगी, इसलिए सब सो गए। सुबह रोज जल्द उठते हैं लेकिन शनिवार को दिखे नहीं। इसके बाद कमरे में जाकर देखा तो सभी लेटे हुए थे। फिर पुलिस को सूचना दी और सभी को भर्ती कराया।



बहादुरगढ़। सरकारी अस्पताल में भर्ती पीड़ित।

नागरिक अस्पताल के चिकित्सक डॉ. संदीप मलिक ने कहा कि सुबह अस्पताल में आधा दर्जन से अधिक लोग भर्ती हुए। उन्हें उल्टी, पेट दर्द की की शिकायत थी। इलाज किया जा रहा है। सभी की हालत खतरे से बाहर है। वहीं, मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी संदीप ने बताया कि आश्रम में कुछ सेवादारों की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली थी। संभवतः किसी भोजन खाने से तबीयत बिगड़ी है। अभी लिखित में कोई शिकायत नहीं मिली है। यदि शिकायत मिलती है तो उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## फ्लैट से ढाई लाख चोरी, तीन पर शक

**बहादुरगढ़।** शहर में स्थित एक कंपनी के फ्लैट से ढाई लाख रुपये चोरी हो गए। पीड़ित ने घर पर काम करने वाले तीन लोगों पर शक जाहिर किया है, जिनमें से एक शख्स पर पुलिस ने नामजद केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में एचएनजी कॉलोनी के निवासी शिवराज ने कहा है कि कंपनी की ओर से उसे यहां फ्लैट दिया गया है। गत 28 अप्रैल को उसने अलमारी में ढाई लाख रुपये रखे थे। गत 30 अप्रैल तक रुपये अलमारी में ही थे, लेकिन जब तीन मई को देखा तो नहीं मिले। 30 अप्रैल को हमारे घर पर संतोष नाम का एक आदमी काम करने के लिए आया था। संयोगवश मेरी पत्नी को उस वक्त किसी जरूरी काम के लिए कहीं जाना पड़ गया। पत्नी ने संतोष को कहा था कि फ्लैट बंद करके चाबी मेरे पति को दे देना। हमें शक है कि संतोष ने वारदात को अंजाम दिया है। इसके अलावा हमारे घर में बर्तन मांजने और कपड़े धोने के लिए दो महिलाएं भी आती हैं। हो सकता है, वारदात में उनका भी हाथ हो। पुलिस इनसे पूछताछ कर वारदात को जल्द से जल्द सुलझाए।

## रातभर बिजली रही गुल, लोग गर्मी से रहे बेहाल, सो भी नहीं पाए

**झज्जर।** भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार रात शहर के लोगों ने बिन सोए ही बिताई। कारण यह रहा कि करीब 11 बजे शहर के अधिकांश शहरों में गुल हुई बिजली अलसुबह तक भी नहीं आई। जिसके कारण इंवर्टर भी साथ छोड़ गए और लोग गर्मी से बेहाल रहे। लोगों की नाराजगी उस समय और अधिक बढ़ गई जब बिजली निगम के कर्मचारियों ने शिकायत नंबर पर किए गए फोन भी अटेंड नहीं किए। स्थिति यह रही कि शनिवार को भी दिनभर बिजली आंख मिचौनी का खेल खेलती रही। सीताराम गेट, डायमंड चौक क्षेत्र में जहां बिजली दिनभर आती जाती रही, वहीं भट्ठी गेट क्षेत्र में बिजली दोपहर बारह बजे गई और सांय पांच बजे तक बिजली व्यवस्था दुरूस्त नहीं हो पाई। इसके अलावा शहर के अन्य क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण लोगों को खासी परेशानी हुई।

बिजली निगम के एसडीओ सौरभ ने बताया कि कबूलपुर पॉवर हाऊस पर हुए ब्लैक आउट के कारण समस्या बनी है। जिसको दुरूस्त करने में समय लगा है। प्रयास यहीं है कि उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी न हो। उधर, शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में तापमान में और अधिक बढ़ोतरी होने का अनुमान लगा रहे है।

SANSKARAM UNIVERSITY
INVITES APPLICATIONS FOR
JOIN OUR ESTEEMED SANSKARAM TEAM
Assistant Registrar - 10 AR Academics - 2
AR Estates (Purchase officer, Storekeeper, Supervisor) - 5
IT Manager - 1 Network & Hardware Engineer - 2
Admission Counsellor - 4 AR Finance - 2 PS - 3
Tele Counsellors - 15 Librarian - 2 Receptionist (F) 2
Salary AR (25K-45K) | PS (20K-35K) | Librarian (15K-35K)
Admisson Couns. (15K-30K) | Clerk & Supervisor (15K to 25K)
Receptionist (Female) - 20K-60K
Short-listed Candidates will be Called/Mailled for Interview on 28th May 2024. Email Your CV on Job@sanskaramuniversity.ac.in.
- Qualification for appointment of AR will be as per UGC norms.
- The Knowledge of Computer is Mandatory.
- *For Exceptionally good Candidates salary and designation may be negotiated at the time of personal interview.*
Closing Date of Applications : 25th May 2024
Transport facility Available from Delhi, Gurugram Metro, Bahadurgarh Metro, Rohtak, Bhiwadi, Dharuhera, Rewari & Jhajjar
Scan QR Code For Location
Call : +91-8397970811, +91-8397970812 | www.sanskaramuniversity.ac.in

